KHAN GLOBAL STUDIES
Kisan Cold Storage, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob. : 8877918018, 8757354880

**BPSC- Bihar Geography**

By : Khan Sir
(मानचित्र विशेषज्ञ)

# बिहार : वन एवं वन्यजीव

## बिहार में वन–

- बिहार राज्य में वनों का विस्तार मुख्यत: शिवालिक पर्वत के तराई क्षेत्र, सोमेश्वर व दून के पहाड़ी क्षेत्र तथा दक्षिण पठारी क्षेत्र के कैमूर की पहाड़ी क्षेत्र में है।
- बिहार में मुख्यत: आर्द्र पर्णपाती वन तथा शुष्क पर्णपाती वन पाये जाते हैं–

❖ **आर्द्र पर्णपाती वन**–इन वनों का विकास 120 सेमी. से 200 सेमी. के वर्षा से संबंधित क्षेत्रों में होता है, शिवालिक पर्वत के तराई क्षेत्र में इसका सर्वाधिक विकास, बिहार के पश्चिमी चंपारण, सहरसा, पूर्णिया, अररिया एवं किशनगंज जिले में इस प्रकार के वन का विकास है।

❖ **शुष्क पर्णपाती वन**–इन वनों का विकास 100 सेमी. से कम वर्षा से संबंधित क्षेत्रों में होता है।

- बिहार राज्य के कैमूर, रोहतास, गया, औरंगाबाद, नवादा, मुंगेर, शेखपुरा एवं बांका जिले में इन वनों का विस्तार पाया जाता है।
- इन वनों में शीशम, महुआ, पलाश, खैर, आंवला आदि वृक्ष के साथ-साथ कई प्रकार के घासों की प्रधानता है।

  [सर्वाधिक पतझड़ वन - पश्चिम चम्पारण]

### बिहार वन स्थिति रिपोर्ट (2021)

- भारत एवं बिहार वन स्थिति रिपोर्ट प्रति 2 वर्षो पर भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा जारी की जाती है।
- सर्वप्रथम यह 1987 में प्रकाशित की गयी थी।
- यह रिपोर्ट इस श्रृंखला की 17वीं रिपोर्ट है जिसके लिए दूर संवेदी उपग्रह रिसोर्स सैट-2 से प्राप्त आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।
- वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार बिहार का वनावरण 7380. 79 वर्ग किमी. है जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 7.84% है।
- 2019 के रिपोर्ट की तुलना में वनावरण में 75 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है।

## बिहार में वनावरण एवं वृक्षावरण-

| वर्ग | क्षेत्रफल | प्रतिशत | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| वनावरण | 7381 $km^2$ | 7.84% | 75 $km^2$ |
| वृक्षावरण | 2341 $km^2$ | 2.48% | 338 $km^2$ |
| कुल | 9722 $km^2$ | 10.32% | 413 $km^2$ |

❖ **बिहार में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले जिले**- कैमूर (1051.56 वर्ग किमी.) प. चंपारण, रोहतास

❖ **बिहार में न्यूनतम वन क्षेत्र वाले जिले**- शेखपुरा (1.19 वर्ग किमी.), अरवल, जहानाबाद

❖ **जिलों में वनावरण (प्रतिशत के अनुसार)**-

**सर्वाधिक**- कैमूर (31.56%), जमुई, नवादा

**न्यूनतम**- शेखपुरा (0.17%), बक्सर, सीवान

- भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2021 में वर्ष 2019 की तुलना में बांका जिले में सर्वाधिक वृद्धि (16.29 वर्ग किमी.) एवं सर्वाधिक कमी कैमूर जिले में (4.83 वर्ग किमी.) हुई।
- पश्चिमी चम्पारण में बहुत घने वन और मध्यम रूप से घने वनों का क्षेत्रफल सबसे अधिक है ज बकि खुले वन का क्षेत्रफल कैमूर जिला में सबसे अधिक हैं।
- बिहार में 1 राष्ट्रीय उद्यान तथा 12 वन्यजीव अभ्यारण्य हैं, जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 3.44 प्रतिशत आवरण करते हैं।

## बाल्मिकी नगर राष्ट्रीय उद्यान–

- 1978 में स्थापित बाल्मिकी नगर वन्यजीव अभ्यारण्य को 1990 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया जो बिहार का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है। यह पश्चिमी चंपारण में स्थित है। इसे टाइगर रिजर्व भी घोषित किया गया है।
- विस्तार क्षेत्र - 898.93 वर्ग किमी.
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुमानों के अनुसार, इस रिजर्व में बाघों की संख्या वर्ष 2010 के 8 से बढ़कर वर्ष 2018 में 40 हो गई है।
- बाल्मिकी टाइगर रिजर्व ने गिद्ध संरक्षण योजना शुरू की है।

## बिहार के प्रमुख वन्य जीव अभयारण्य

| नाम | जिला | स्थापना | अन्य तथ्य |
|---|---|---|---|
| गौतमबुद्ध वन्यजीव अभयारण्य | गया | 1976 | – |
| भीमबाँध वन्यजीव अभयारण्य | मुंगेर | 1976 | तेंदुआ, भालू सांभर, जंगली सुअर, भेड़िया, नीलगाय, मगरमच्छ आदि। |
| उदयपुर वन्यजीव अभयारण्य | पश्चिमी चंपारण | 1978 | – |
| पंत वन्यप्राणी अभयारण्य | नालंदा | 1978 | – |
| कैमूर अभयारण्य | रोहतास एवं कैमूर | 1979 | बिहार का सबसे बड़ा अभयारण्य |
| नागी बाँध पक्षी अभयारण्य | जमुई | 1987 | – |
| नकटी बाँध पक्षी अभयारण्य | जमुई | 1987 | – |
| कांवर झील पक्षी अभयारण्य | बेगूसराय | 1989 | साइबेरियाई पक्षियों का प्रवास |
| विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य | भागलपुर | 1990 | भारत में अपनी तरह का पहला डॉल्फिन अभयारण्य |
| कुशेश्वर स्थान पक्षी विहार | दरभंगा | 1994 | साईबेरियाई पक्षियों का प्रवास |
| बरैला झील पक्षी अभयारण्य | वैशाली | 1997 | – |
| गोगाबिल पक्षी बिहार | कटिहार | 1990 | कैस्पियन सागर एवं साइबेरियाई पक्षी प्रवास |

### स्मरणीय तथ्य

❖ हाल ही में बिहार के भागलपुर में उत्तर भारत का पहला और भारत का चौथा 'बर्ड रिंगिंग स्टेशन' खोला गया है। अन्य तीन स्टेशन चेन्नई, जयपुर और भुवनेश्वर में स्थित है। भागलपुर कंबोडिया और असम के बाद पक्षियों के लिए तीन ज्ञात प्रजनन स्थलों में से एक है।

❖ बक्सर पक्षी बिहार बक्सर जिले में स्थित है। यहाँ लालशर नामक कश्मीरी पक्षी अक्टूबर से फरवरी तक प्रवास करते हैं।

❖ पटना में स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान की स्थापना 1969 में की गयी थी, यह राज्य का प्रथम प्लास्टिक निषिद्ध क्षेत्र है।

❖ संजय गाँधी जैविक उद्यान (पटना) गैंडा प्रजनन में एशिया के सबसे बड़े एवं विश्व में दूसरे सबसे बड़े केन्द्र के रूप में स्थान रखता है।

❖ गया में राजकीय वन प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है।

❖ नई राष्ट्रीय वन नीति (1988) के अनुसार देश के किसी भी प्रदेश के कुल क्षेत्रफल के 33.33 प्रतिशत भाग पर वन होने चाहिये लेकिन बिहार के लिये 22% निर्धारित है।

❖ बिहार सरकार द्वारा राज्य में 11 महत्त्वपूर्ण (अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य संबंधी) वन दिवसों का आयोजन किया जाता है।

| विषय | तिथि दिन |
|---|---|
| विश्व आर्द्र भूमि (Wetland) दिवस | 2 फरवरी |
| विश्व वानिकी दिवस | 21 मार्च |
| विश्व प्रवासी पक्षी दिवस | मई का द्वितीय सप्ताह |
| विश्व जैव-विविधता दिवस | 22 मई |
| विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| वन महोत्सव | जुलाई-सितंबर |
| बिहार पृथ्वी दिवस | 9 अगस्त |
| विश्व ओजोन दिवस | 16 सितंबर |
| वन्यजीव सप्ताह | 2-9 अक्टूबर |
| विश्व पशु कल्याण दिवस | 4 अक्टूबर |
| डॉल्फिन दिवस | 5 अक्टूबर |

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** हाल ही में बिहार में किस स्थान पर उत्तर भारत का पहला 'बर्ड रिंगिंग स्टेशन' खोला गया है?
(a) भागलपुर (b) सारण
(c) पूर्वी चंपारण (d) पश्चिमी चंपारण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**67th BPSC (Pre).**

**2.** निम्न में से किसने बिहार में 'गिद्ध संरक्षण योजना' शुरू की?
(a) कैमूर टाइगर रिजर्व
(b) राजगीर वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी
(c) वाल्मीकि टाइगर रिजर्व
(d) कांवर लेक बर्ड सैंक्चुअरी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**67th BPSC (Pre).**

**3.** बिहार राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र की तुलना में समस्त वन्यक्षेत्र का प्रतिशत है–
(a) 7.27 (b) 6.87
(c) 3.21 (d) 12.77
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**66th BPSC (Pre).**

**4.** निम्न में से किस जिले में बिहार का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान स्थित है।
(a) नालंदा (b) भागलपुर
(c) पश्चिमी चंपारण (d) पूर्वी चंपारण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**66th BPSC (Pre).**

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा जिला सबसे अधिक घने पतझड़ वाले क्षेत्र से घिरा है?
(a) पश्चिमी चंपारण (b) गया
(c) कैमूर (d) नवादा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**65th BPSC (Pre).**

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा वन्यजीव अभयारण्य बिहार के मुंगेर जिले में स्थित है?
(a) वाल्मीकि (b) राजगीर
(c) भीमबांध (d) गौतम बुद्ध
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**65th BPSC (Pre).**

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान बिहार के वन्यजीव के लिये प्रसिद्ध है?
(a) भागलपुर (b) बोधगया
(c) पटना (d) हजारीबाग
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**44-45th BPSC (Pre).**

**8.** कैमूर वन अभयारण्य कहाँ है?
(a) बिहार (b) झारखंड
(c) उड़ीसा (d) गुजरात
**Bihar ESI(Pre), 2018**

KHAN GLOBAL STUDIES
Kisan Cold Storage Campus, Musallahpur, Patna-6
KHAN SIR